भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2896

जिसका उत्तर मंगलवार, 19 अगस्त, 2025/28 श्रावण, 1947, (शक) को दिया जाना है।

गैस मूल्य निर्धारण संबंधी विवादों को सुलझाना

2896. श्रीमती फूलो देवी नेतम:
श्रीमती रंजीत रंजन:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) संशोधित गैस विपणन मार्जिन पर घरेलू यूरिया उत्पादकों द्वारा दर्ज कराए गए कुल दावों का ब्यौरा क्या है और उनमें वर्ष-वार कितनी राशि शामिल है तथा मार्च 2022-2025 की अवधि के दौरान, अब तक कितनी राशि का निपटान किया जा चुका है;
(ख) ऐसे यूरिया उत्पादकों का ब्यौरा क्या है जिन्हें पिछले गैस लागत संबंधी विवादों को सुलझाने के लिए वित्तीय भुगतान किया गया; और
(ग) लंबित विरासत दावों को सुलझाने और उर्वरक मूल्य निर्धारण को प्रभावित कर सकने वाले भविष्य के विवादों को रोकने के लिए स्थापित तंत्रों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): वर्ष 2009-10 से 2015-16 तक की अवधि के लिए संशोधित गैस विपणन मार्जिन पर घरेलू यूरिया उत्पादकों द्वारा दर्ज कराए गए कुल दावों और विभाग द्वारा वर्ष 2015-16 और 2024-25 में किए गए भुगतान का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

इसके अलावा, यूरिया इकाइयों द्वारा किए गए किसी भी दावे का निपटान यूरिया मूल्य निर्धारण की प्रचलित नीतियों के अनुसार किया जाता है।

*****

यह अनुलग्नक 19.08.2025 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं.2896 के उत्तर के भाग (क) से (ग) से संबंधित है।

अनुलग्नक

विपणन मार्जिन दावों का वर्ष-वार विवरण

करोड़ रुपए में

क्र.सं.	इकाई का नाम	2009-10 (दिनांक 01.05.2009 से)	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16 (17.11.2015 तक)	कुल दावा राशि	*तदर्थ भुगतान* *	लंबित भुगतान**	किया गया निवल भुगतान
1	सीएफसीएल-I गडेपान	0.68	0.87	1.26	1.33	1.52	2.96	2.22	10.84	2.54	7.96	10.50
2	सीएफसीएल-II गडेपान	4.52	4.67	4.67	4.58	4.45	2.43	0.85	26.18	-	25.76	25.76
3	एसएफसी कोटा	3.3	3.65	3.58	3.61	3.38	2.99	1.56	22.07	1.48	20.55	22.03
4	जीएसएफसी बड़ौदा	1.04	0.96	1.2	0.27	0.27	0.49	0.41	4.63	0.35	4.29	4.64
5	आरसीएफ ट्रॉम्बे	0.61	1	1.31	1.53	0.93	0.65	-	6.03	0.85	4.42	5.28
6	आरसीएफ थल	10.57	11.26	11.16	10.95	9.61	8.3	-	61.85	0.77	59.79	60.55
7	इफको आंवला-I	7.17	8.47	9.39	8.61	8.06	7.79	6.61	56.09	4.23	21.43	25.66
8	इफको आंवला-II									0.24	24.39	24.63
9	इफको फूलपुर-I	0.51	0.48	0.46	0.55	0.95	1.08	-	4.02	1.33	3.14	4.48
10	इफको फूलपुर-II	0.73	0.8	0.82	0.9	1.39	1.55	-	6.19	0.00	6.78	6.78
11	इफको कलोल	6.38	6.81	6.96	6.87	5.94	5.62	3.21	41.79	3.27	35.41	38.67
12	केएफएल शाहजहाँपुर	4.61	4.85	5.12	4.94	4.27	4.13	2.57	30.5	2.15	26.40	28.55
13	वाईएफआईपीएल- बबराला	3.51	3.95	4.11	4.03	3.74	3.34	2.4	25.09	1.94	20.26	22.20
14	जीएनवीएफसी भरूच	-	-	-	-	-	1.45	0.86	2.31	0.05	2.12	2.17
15	एनएफसीएल-I काकीनाडा	0.62	0.78	1.67	1.87	0.98	0.85	0.9	7.67	-	6.27	6.27
16	एनएफसीएल-II काकीनाडा	7.06	8.34	8.34	8.62	8.46	7.4	5.3	53.52	4.69	48.09	52.78
17	कृभको हजीरा	6.56	7.5	7.56	6.82	5.8	5.19	3.55	43	3.03	35.32	38.35
18	इंडोरामा-जगदीशपुर	1.38	1.4	1.31	1.49	2.37	2.14	1.3	11.39	0.89	9.50	10.38
19	एनएफएल-विजयपुर-I	1.44	1.71	1.72	1.54	1.22	1.34	0.52	9.48	0.78	8.13	8.92
20	एनएफएल-विजयपुर-II	1.46	1.57	1.21	1.42	0.94	1.04	0.61	8.24	-	7.52	7.52
21	एनएफएल-बटिंडा	-	-	-	-	-	0.47	0.41	0.88	0.40	0.37	0.77
									431.77	**28.98**	**377.92**	**406.90**

* वर्ष 2015-16 में किया गया भुगतान

** वर्ष 2024-25 में किया गया भुगतान